भारत सरकार
वित्त मंत्रालय
वित्तीय सेवाएं विभाग
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 3317
जिसका उत्तर सोमवार, 16 दिसंबर, 2024/25 अग्रहायण, 1946 (शक) को दिया गया

किसानों को वितरित ऋण

3317. श्री अरूण कुमार सागर:

क्या वित्त मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) राष्ट्रीय, निजी और सहकारी बैंकों द्वारा पिछले तीन वर्षों के दौरान देश के किसानों को बांटे गए ऋणों का और उन पर ली जाने वाली ब्याज दर का राज्यवार ब्यौरा क्या है; और

(ख) माफ किए गए ऋण और इसके अंतर्गत किसानों को प्रदान की गई सरकारी सहायता का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री पंकज चौधरी)

(क) से (ख): राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) द्वारा दी गई सूचना के अनुसार, पिछले तीन वर्ष के दौरान वाणिज्यिक बैंकों, सहकारी बैंकों और क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों (आरआरबी) द्वारा संवितरित किए गए कृषि ऋण का राज्य-वार ब्यौरा अनुबंध में दिया गया है।

किसानों को किफायती ऋण तक निर्बाध पहुंच प्रदान करने के लिए बीज, उर्वरक और कीटनाशकों जैसे कृषि निवेशों की खरीद के लिए किसानों की कार्यशील पूंजी आवश्यकताओं को पूरा करने और फसल उत्पादन और संबद्ध गतिविधियों के लिए नकदी निकालने के लिए बैंकों द्वारा 7% ब्याज दर पर किसानों को 3 लाख रुपये तक का अल्पावधि कृषि ऋण प्रदान किया जाता है। भारत सरकार संशोधित ब्याज सहायता योजना (एमआईएसएस) के अंतर्गत ऋणों के समय पर पुनर्भुगतान के लिए किसानों को 3% का त्वरित पुनर्भुगतान प्रोत्साहन (पीआरआई) भी प्रदान करती है। अत: किसानों के लिए प्रभावी ब्याज दर 4% है। उपर्युक्त 3 लाख रुपए के लिए ब्याज दर बैंकों द्वारा वाणिज्यिक आधार पर निधियों की सीमांत लागत आधारित उधार दर (एमसीएलआर), जोखिम प्रीमियम आदि के आधार पर निर्धारित की जाती है।

पिछले तीन वर्ष के दौरान भारत सरकार द्वारा कोई किसान ऋण माफी योजना कार्यान्वित नहीं की गई है।

****

अनुबंध

"किसानों के लिए संवितरित किए गए ऋण" पर दिनांक 16.12.2024 को लोक सभा अतारांकित प्रश्न सं. 3317 के भाग (क) के उत्तर में उल्लिखित विवरण।

(करोड़ रुपए में)

क्रम सं	राज्य	वित्तीय वर्ष 2021-22			वित्तीय वर्ष 2022-23			वित्तीय वर्ष 2023-24		
		वाणिज्यिक बैंक	सहकारी बैंक	क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक	वाणिज्यिक बैंक	सहकारी बैंक	क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक	वाणिज्यिक बैंक	सहकारी बैंक	क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक
1	अंडमान और निकोबार द्वीप	299	11	-	390	12	-	428	9	-
2	आंध्र प्रदेश	1,57,530	17,496	31,134	1,85,157	17,223	36,807	2,41,636	15,564	43,297
3	अरुणाचल प्रदेश	103	21	14	624	2	11	843	72	35
4	असम	7,923	30	1,361	7,015	57	1,990	9,180	73	2,311
5	बिहार	28,176	40,819	18,093	29,759	8,979	14,257	39,426	7,080	23,816
6	चंडीगढ़ संघ राज्य क्षेत्र	1,229	0.10	-	1,635	0.15	-	1,938	-	-
7	छत्तीसगढ़	15,544	2,940	841	20,682	6,595	1,989	23,870	8,089	1,879
8	दिल्ली	18,148	0.02	-	19,350	0.08	-	24,157	-	-
9	डीएनएचडीडी*	233	-	-	342	-	-	393	-	-
10	गोवा	1,436	38	-	1,751	153	-	2,397	31	-
11	गुजरात	77,391	19,103	6,624	91,572	20,974	7,984	1,09,269	22,398	9,493
12	हरियाणा	44,974	12,408	9,690	57,955	12,954	10,896	64,440	12,741.86	12,214.60
13	हिमाचल प्रदेश	4,895	2,203	1,427	6,711	2,621	1,670	6,910	2,702.71	2,015.07
14	जम्मू और कश्मीर	13,472	6	806	12,062	7	1,083	11,641	11.90	970.71
15	झारखंड	8,326	14	1,461	10,454	17	1,700	20,662	13	1,435
16	कर्नाटक	1,02,755	20,354	16,294	1,30,345	22,203	19,922	1,60,838	23,451	23,327
17	केरल	91,422	8,464	14,272	1,16,430	7,403	16,402	1,37,727	4,651	18,090
18	लद्दाख	336	-	5	327	-	7	344	0.25	7
19	लक्षद्वीप संघ राज्य क्षेत्र	14	-	-	23	-	-	62	-	-
20	मध्य प्रदेश	65,842	16,848	5,602	75,266	18,461	6,350	89,597	19,883	6,917
21	महाराष्ट्र	98,441	20,298	3,454	1,19,929	25,382	5,221	1,37,124	26,070	5,353
22	मणिपुर	366	12	21	577	24	45	601	14	34
23	मेघालय	198	21	53	299	35	70	345	50	84
24	मिजोरम	77	12	212	110	14	185	142	20	265
25	नागालैंड	241	33	7	295	39	6	366	37	8
26	ओडिशा	23,766	16,104	2,108	28,154	16,728	2,867	38,119	18,651	3,595
27	पुदुचेरी	3,489	2	895	4,440	1	1,132	5,687	1	1,377
28	पंजाब	56,971	10,668	6,799	72,937	10,743	7,119	75,221	10,475.31	9,991.03
29	राजस्थान	82,809	18,532	17,816	99,340	20,102	22,171	1,08,462	22,722.15	22,408.58
30	सिक्किम	214	6	-	325	16	-	392	13	-
31	तमिलनाडु	2,94,535	14,030	16,908	3,34,295	20,932	20,520	4,06,309	19,977	26,098
32	तेलंगाना	69,402	7,837	11,344	85,968	8,252	15,578	1,17,697	8,179	13,827
33	त्रिपुरा	2,672	28	460	965	124	580	1,201	831	143
34	उत्तर प्रदेश	84,212	7,804	30,152	1,04,708	8,901	37,843	1,15,783	10,711	44,896
35	उत्तराखंड	7,494	1,656	234	9,134	1,815	294	10,486	1,768	420
36	पश्चिम बंगाल	51,035	5,421	6,094	47,203	5,580	7,586	60,054	5,717	8,571

* दादर और नगर हवेली और दमन और दीव

स्रोत: नाबार्ड